बिहार लोक सेवा आयोग

15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना – 800001

आवश्यक सूचना

दिनांक 13.10.2022 एवं 14.10.2022 को आयोजित सहायक अभियंता (असैनिक/यांत्रिक/विद्युत) लिखित (वस्तुनिष्ठ) प्रतियोगिता परीक्षा (वि०सं० 03/2020, 08/2020 एवं 09/2020) के अन्तर्गत 10 विषयों – सामान्य अंग्रेजी (General English), सामान्य हिन्दी (General Hindi), सामान्य अध्ययन (General Studies), सामान्य अभियंत्रण विज्ञान (General Engineering Science), असैनिक अभियंत्रण, पत्र – V (Civil Engineering, Paper-V), असैनिक अभियंत्रण, पत्र – VI (Civil Engineering, Paper-VI), यांत्रिक अभियंत्रण, पत्र – V (Mechanical Engineering, Paper-V), यांत्रिक अभियंत्रण, पत्र – VI (Mechanical Engineering, Paper-VI) एवं विद्युत अभियंत्रण, पत्र – V (Electrical Engineering, Paper-V), विद्युत अभियंत्रण, पत्र – VI (Electrical Engineering, Paper-VI) के औपबंधिक उत्तर दिनांक 25.10.2022, 22.12.2022 एवं 17.01.2023 को आयोग के वेबसाईट पर प्रदर्शित करते हुए उम्मीदवारों से आपत्ति आमंत्रित किये गये थे।

उक्त प्रदर्शित उत्तर के अन्तर्गत 03 विषयों – सामान्य अंग्रेजी (General English), सामान्य हिन्दी (General Hindi) एवं विद्युत अभियंत्रण, पत्र – VI (Electrical Engineering, Paper-VI) पर उम्मीदवारों से कोई आपत्ति प्राप्त नहीं हुई है। तदालोक में दिनांक 22.12.2022 को प्रकाशित उत्तर को ही अन्तिम आदर्श उत्तर माना गया है।

शेष 07 विषयों के अन्तर्गत उम्मीदवारों से प्राप्त आपत्ति आवेदनों की समीक्षा विषय विशेषज्ञों की समिति द्वारा की गई। समीक्षोपरान्त सामान्य अध्ययन (General Studies), विद्युत अभियंत्रण, पत्र – V (Electrical Engineering, Paper-V) एवं यांत्रिक अभियंत्रण, पत्र – VI (Mechanical Engineering, Paper-VI) के किसी उत्तर में परिवर्तन नहीं हुआ है।

सामान्य अभियंत्रण विज्ञान (General Engineering Science) के प्रश्न संख्या – 10, 11, 15 एवं 22, असैनिक अभियंत्रण, पत्र – V (Civil Engineering, Paper-V) के प्रश्न संख्या – 35, असैनिक अभियंत्रण, पत्र – VI (Civil Engineering, Paper-VI) के प्रश्न संख्या – 2 एवं यांत्रिक अभियंत्रण, पत्र – V (Mechanical Engineering, Paper-V) के प्रश्न संख्या – 38 के उत्तर में परिवर्तन किया गया है।

तदनुसार 10 विषयों के तैयार प्रश्न पुस्तिका श्रृंखला '**A**', '**B**', '**C**' एवं '**D**' के सभी प्रश्नों के अन्तिम आदर्श उत्तर आयोग के वेबसाईट www.bpsc.bih.nic.in पर प्रकाशित कर दिये गये हैं।

(हस्ताक्षर) 2/5/23

परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना